






# जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## मऊगंज में विधायक देवतालाब, कलेक्टर और एसपी ने किया सामूहिक योगाभ्यास, योग स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं संतुलित जीवन का आधार है




नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जून, बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मऊगंज जिले में शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का कोलकाता से लाइव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित प्रतिभागियों ने देखा एवं सुना. प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश के उपरांत सभी ने सामूहिक योगाभ्यास किया.**

कार्यक्रम में देवतालब विधायक गिरीश गौतम, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया. कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस अवसर पर विधायक श्री गौतम ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं संतुलित जीवन का आधार है. उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को स्वस्थ एवं निरोग रखा जा सकता है. योग के साथ नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर एवं शपथ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ. जिसमें लोगो को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया.

**महाविद्यालय गुढ़ में योगाभ्यास**-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती रेखा मिश्रा द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की. कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बी.एन. मिश्र ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी प्रदान की. वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र त्रिपाठी ने ध्यान की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन करते हुए उनके महत्व एवं लाभों से उपस्थितजनों को अवगत कराया. 12 वें राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री निशा सिंह द्वारा किया गया. इस अवसर पर उनके द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुरूप 32 विभिन्न योगासन एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया गया तथा सूर्य नमस्कार भी संपन्न कराया गया. महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

### भाजपा मंडल गुढ़ में किया योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ द्वारा मंडल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ के प्राचीन गढ़ी प्रांगण में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. मिश्रा रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव शशि मिश्रा तथा पूर्व सरपंच सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे .आयोजित योगाभ्यास में भाजपा मंडल गुढ़ के पदाधिकारियों, विद्यालय परिवार के सदस्यों, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शासकीय महाविद्यालय गुढ़ के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. योगाभ्यास का संचालन विद्यालय के योग शिक्षक सौरभ मिश्रा एवं राजेश चंद्र अवधिया द्वारा कराया गया. मुख्य अतिथि डॉ. बी.एल. मिश्रा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, बी.के. पाण्डेय, सूर्यप्रकाश मिश्रा, हीरालाल नामदेव, हरीश प्रसाद मिश्रा, राज बहोर कुशवाहा, श्रीमती रेखा मिश्रा, विनोद तिवारी, विजय विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे.

### योग प्राचीन और अमूल्य धरोहर : सिद्धार्थ



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर त्योंथर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चाकघाट नगर परिषद में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सहभागिता करते हुए योगाचार्यों के मार्गदर्शन में उपस्थित जनसमुदाय के साथ योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया. इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया. उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुना तथा योग को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार बनाने के उनके संदेश को आत्मसात किया. कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय से संवाद करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग एवं प्राणायाम अत्यंत आवश्यक हैं. योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर हम निरोग, ऊर्जावान एवं अनुशासित जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं. सामूहिक योगाभ्यास के उपरांत विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने चाकघाट नगर परिषद के उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता के निज निवास पर स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट की.

# उत्साहपूर्वक मनाया गया 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जून, पीएम श्री स्व. ब्रजराज सिंह तिवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनिकवार में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया.**



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मनिकवार, आयुष विभाग, सोल्जर फिजिकल फिटनेस एंड जिम, अमन कोचिंग, जगवेद कंस्ट्रक्शन एवं शिवम फर्नीचर के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के सभागार में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में योग दिवस संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद, जेएनसीटी चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. एस.एस. तिवारी उपस्थित रहे. विद्यालय के प्राचार्य वैद्यनाथ रावत एवं योग प्रभारी सुनील तिवारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व को समझा. मुख्य अतिथि ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## उप मुख्यमंत्री ने पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जून, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विन्ध्य के सपूत पूर्व सांसद स्वर्गीय यमुना प्रसाद शास्त्री को उनकी 29वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्व. शास्त्री जी ने जीवनभर रीवा के विकास और गरीब तथा किसान के हित के लिए संघर्ष किया. उनका आदर्श व्यक्तित्व उच्च विचार और जनहित के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने की लगन हम सबको आज भी प्रेरणा देती है. श्री शास्त्री ने संसद में हमेशा विन्ध्य के विकास की आवाज बुलंद की. उनके समय ही बाणसागर बांध की नीव रखी गई. कार्यक्रम का आयोजन यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय रीवा में किया गया.



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जा रहा सामूहिक योगाभ्यास

## सर्पदंश से घबराएं नहीं बरते सावधानी, एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जून, वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है. साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है.**

इस लिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है. उन्होने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं. साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ित की जान आसानी से बचाई जा सकती है. साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं. यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है. समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है. डॉ. त्रिपाठी ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है. पीड़ित को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं. विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ित में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है.

## आधी रात की गुप्त बैठक से अविश्वास प्रस्ताव के पहले बढ़ी सरगर्मी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 21 जून, हमेशा सुर्खियो मे रहने वाला नगर परिषद गुढ़ की राजनीति इन दिनों बेहद गर्म है. अविश्वास प्रस्ताव की चर्चाओं के बीच आधी रात को एक पार्षद के निवास पर हुई गुप्त बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है.**

वायरल तस्वीरों में नगर परिषद के 13 पार्षद एक साथ दिखाई दे रहे हैं, जिससे विभिन्न तरह के राजनीतिक कयास लगाए जा रहे हैं. सूत्रों के अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव को लेकर लगातार गतिविधियां चल रही हैं. इसी क्रम में पार्षदों की यह बैठक चर्चा का विषय बन गई है. राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि अविश्वास प्रस्ताव को प्रभावित करने तथा पार्षदों को अपने पक्ष में करने के प्रयास तेज हो गए हैं. हालांकि इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. बैठक में शामिल सभी 13 पार्षदों ने एकजुटता का दावा करते हुए कहा है कि वे अपने निर्णय पर अडिग हैं. पार्षदों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में अपना शपथ-पत्र प्रशासन को पहले ही सौंप दिया है और अब उनके रुख में किसी प्रकार के बदलाव की संभावना नहीं है. उल्लेखनीय है कि हाल ही में इन पार्षदों द्वारा वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था. ऐसे में आधी रात को हुई यह बैठक राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है. अब नगर परिषद की राजनीति पर आम जनता के साथ-साथ राजनीतिक जानकारों की भी नजरें टिकी हुई हैं. सभी को इंतजार है कि पार्षदों की यह एकजुटता अविश्वास प्रस्ताव को सफल बनाने में कितनी प्रभावी साबित होती है.

### स्वामीनाथन की सिफारिशें लागू होने पर मिला लाभ : गणेश

**सतना, 21 जून.** सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के किसानों को एक क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक भारत सरकार द्वारा लगभग सवा चार लाख करोड़ रुपये की राशि देश के 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार किसानों के सम्मान के लिए इस प्रकार की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## गुढ़ में आप की बैठक में संगठन निर्माण पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 21 जून, आम आदमी पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक गुढ़ में सुरेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक का मुख्य उद्देश्य गुढ़ नगर परिषद क्षेत्र में संगठन को मजबूत करना एवं आगामी रणनीति तैयार करना रहा.**



बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं, संगठन विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की. बैठक में प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र सोलंकी एवं रीवा जोन प्रभारी जितेन्द्र चौरसिया जिला प्रभारी सतीष तिवारी प्रदेश सह सचिव सुभान्सू द्विवेदी तथा संगठन प्रभारी रवी मिश्रा राष्ट्रीय प्रचारक उमेश गुप्ता उपस्थित रहे. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से उठाने और बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया. इस अवसर पर गुढ़ वि. सभा क्षेत्र के स्थानीय नेता अजय सिंह परिहार, नरेश त्रिपाठी, राणा सिंह तिवारी, दिनेश तिवारी, गोविंद नारायण सिंह, राहुल सिंह, निक्की तिवारी, शैलेश तिवारी, लक्ष्मण सोनी, श्रीनिवास पटेल, अमित सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, पीयूष त्रिपाठी, सोम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, नगर परिषद से जुड़े मुद्दों, विकास कार्यों एवं संगठन निर्माण को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई. उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव भी रखे और संगठन को गांव-गांव तथा वार्ड स्तर तक विस्तार देने का संकल्प लिया.

## शासकीय कार्यालयों में मितव्ययता बरतने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 21 जून. वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रधानमंत्री के आह्वान के चलते राज्य शासन ने शासकीय कार्यालयों में मितव्ययता बरतने के साथ ही आमजन के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिये विभाग प्रमुख और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं।**

निर्देश में कहा गया है कि अनावश्यक यात्रा और व्यय में कमीं लाने के लिए विभागीय बैठकों, कार्य-शालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सेमीनारों का आयोजन यथा संभव वीडियों कांफ्रेंसिंग अथवा हाईब्रिड माध्यम से किया जाए।सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय आने-जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। भारसाधक सचिव अपने अधीनस्थों की प्रदेश के बाहर की यात्राएं अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही स्वीकृत करेंगे। भार साधक सचिव की प्रदेश के बाहर शासकीय कार्य के लिए यात्राएं पूर्व अनुसार मुख्य सचिव के अनुमोदन उपरांत स्वीकृत की जाएंगी। सभी विभाग भारत सरकार से संबंधित प्रकरणों के अनुसरण के लिए आवासीय आयुक्त नई दिल्ली-मुंबई की सहायता ले सकेंगे। कृषि, उद्यानिकी तथा संबद्ध विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह पाइप्ड नेचुरल गैस की लाइन के विस्तार के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा एलपीजी उपभोक्ताओं के डुप्लीकेट और अपात्र कनेक्शनों की पहचान और उसके निराकरण के लिए अभियान चलाने को कहा गया है। निर्माण विभागों को पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री के उपयोग करने और आमजन के बीच ऐसी सामग्री के प्रचार-प्रसार के उपयोग के लिए निर्देश दिए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने विद्युत के उचित उपयोग के साथ ही पीएम सूर्यघर योजना में नि:शुल्क बिजली योजना में रूफरूटॉप सोलर स्थापित करने के लिए सभी विभागों से प्रचार करने के लिए कहा है। जनसंपर्क विभाग को मेरा भारत-मेरा योगदान जैसा अभियान चलाकर नागरिकों को ऊर्जा सरंक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया है। इसी तरह पर्यटन विभाग को मध्यपद्रेश से संबंधित प्रवासी भारतीयों को देखो अपना देश तथा छुट्टियां भारत में बिताने के लिए फ्रेंडस आफएम.पी एवं अन्य एसोसिएशन के माध्यम से प्रेरित करने की अपेक्षा की गई है।

# मन और तन के साथ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगा अपनाए : दिव्यराज

## 12 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर परिषद सिरमौर में मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सिरमौर/रीवा, 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में नगर परिषद सिरमौर द्वारा पंडित दीन दयाल पार्क में आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग आवश्यक है। योग से मन और तन स्वस्थ रहता है। योग को पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है।**



नगर परिषद सिरमौर के दीनदयाल पार्क में सामूहिक योग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के आतिथ्य में किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह, नप उपाध्यक्ष, पार्षद, एल्डरमैन सहित प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय राजस्व द्रस दृष्टि जायसवाल, नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा शर्मा की उपस्थिति में योगा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ व्यायाम शिक्षकों के द्वारा कराया गया।

अश्वनी तिवारी जन संपर्क प्रभारी नगर परिषद सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सिरमौर नेहा शर्मा के निर्देशन में आयोजित 12वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व्यायाम शिक्षक अनिरुद्ध शुक्ला, अनंत प्रसाद माझी, संदीपनी विद्यालय के शिक्षक शीलध्वज सिंह द्वारा सामूहिक रूप से योग करवाया गया। संघ प्रमुख अनिरुद्ध शुक्ला ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय जीवन शैली और विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाता है। योग का काम जो?ना है ।योग मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। सभी इसे अपने जीवन में अपनाए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन नप उपाध्यक्ष विजय सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बालेंद्र शेखर चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा कोल, एड शैलेंद्र सिंह भदौरिया, विशाल गुप्ता, अमरजीत दाहिया, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह, सौदामिनी गुप्ता ,लीलावती विश्वकर्मा, सविता कोल,शिवकुमार सोनी, लालपति लोध, पड़री सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच स्वादीप सिंह, कल्लन सिंह, शैलू सिंह, धर्मेंद्र पांडेय , विष्णु नारायण शुक्ला सहित सूर्य प्रकाश शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, अनिमेष पांडेय ,मुकेश पांडेय, दीपक सोनी, शुभम सोधिया, प्रदीप सिंह, किशन सिंह, शशिकांत मिश्रा, प्रभु शरण मिश्रा,दिनेश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश अग्निहोत्री, उमेश चंद्र रॉल्ही, राम अशोक कुशवाहा, संदीपनी विद्यालय के शिक्षक, नगर परिषद सिरमौर के समस्त कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोग मौजूद रहे।